दिन– बुधवार | दिनांक– 07 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने बिहारी उत्पादों को सरकारी खरीद में प्राथमिकता देने के लिए बिहार खरीद अधिमानता नीति दो हजार चौबीस को स्वीकृति दी।

02. बिहार पुलिस में सिपाही के इक्कीस हजार तीन सौ इक्यानवे पदों पर भर्ती के लिए आज से शुरू हो रही है पुनर्परीक्षा। कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए राज्यभर के पांच सौ पैंतालीस केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध।

03. नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र और पड़ोसी राज्यों में हो रही भारी बारिश के चलते प्रदेश में गंगा, कोसी और बागमती समेत कई नदियां उफान पर। पटना के दीघा घाट पर गंगा नदी का जलस्तर लाल निशान के पार।

04. और, विनेश फोगाट आज पेरिस ओलंपिक के कुश्ती स्पर्धा में गोल्ड मेडल के लिए दांव लगायेंगी। अमेरिकी पहलवान से होगा मुकाबला।

---

राज्य सरकार ने बिहारी उत्पाद को सरकारी खरीद में प्राथमिकता और स्थानीय निर्माताओं के साथ राज्य के उद्योग को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है। पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुयी मंत्रिमंडल की बैठक में बिहार खरीद अधिमानता नीति दो हजार चौबीस को स्वीकृति दी गयी है। इस नीति के तहत वस्तु और सेवा से संबंधित खरीद के लिए स्थानीय सामग्री की न्यूनतम सीमा तीस प्रतिशत तय की गयी है। बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि नई नीति के तहत बिहार के उद्यमियों, आपूर्तिकर्ताओं और सेवा प्रदाताओं को सरकारी टेंडर प्रक्रिया में प्राथमिकता दी जायेगी।

–––बाईट–––

डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि अवैध बालू खनन को रोकने के लिए सरकार ने सूचना देने वालों को पुरस्कृत करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है।

–––बाईट–––

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि कैबिनेट ने पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एम्स नई दिल्ली के मानकों के अनुरूप चार हजार तीन सौ पन्द्रह नये पदों के सृजन को मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि सड़क हादसों में कमी के लिए गाड़ियों की गति सीमा तय करने के लिए परिवहन विभाग को अधिकृत किया गया है। इसके अलावा कैबिनेट ने राज्य में मौजूद थैलिसिमिया पीड़ित बच्चों को निःशुल्क बोनमैरो ट्रॉस्प्लांट की सुविधा देने को भी स्वीकृति प्रदान की है। इसके तहत मुख्यमंत्री बाल थैलिसिमिया योजना के अंतर्गत पंद्रह लाख रूपये तक की सहायता मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि इस योजना के क्रियान्वयन के लिए सीएमसी वेल्लोर के साथ समझौता किया जाएगा। कैबिनेट बैठक में कुल छत्तीस एजेंडों पर मंजूरी प्रदान की गई।

---

बिहार पुलिस में सिपाही के इक्कीस हजार तीन सौ इक्यानवे पदों पर भर्ती के लिए आज से पुनर्परीक्षा का आयोजन होगा। केन्द्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार ने बताया कि परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा का आयोजन सात, ग्यारह, अठारह, इक्कीस, पच्चीस और अट्ठाईस अगस्त को एक पाली में दोपहर बारह बजे से दो बजे तक किया जायेगा।

———बाईट———

इस बीच, आर्थिक अपराध इकाई ने आज से शुरू हो रही परीक्षा के लिए एडवाईजरी जारी की है। ईओयू के डीआईजी मानवजीत सिंह ढिल्लो ने अभ्यर्थियों से किसी भी झांसे में नहीं आने की अपील की है। श्री ढिल्लो ने बताया कि किसी प्रकार की सूचना देने के लिए ईओयू ने वाट्सएप नम्बर और ई–मेल आईडी जारी किया है।

———बाईट———

---

केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि सत्रह सितम्बर से शुरू हो रहे विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला को इस बार अंतरराष्ट्रीय दर्जा मिलेगा। इस सिलसिले में श्री मांझी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से नई दिल्ली में मुलाकात की। श्री मांझी ने बताया कि इस संबंध में केन्द्र सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया है और सकारात्मक जवाब भी मिला है। श्री मांझी ने कहा कि

पितृपक्ष मेले के दौरान देश–विदेश से तीर्थ यात्री गयाजी में आकर पितरों की मुक्ति के लिए पिंड दान करते हैं। इसके कारण इस मेले को अंतरराष्ट्रीय दर्जा मिलना चाहिए। गौरतलब है कि पितृपक्ष मेला को वर्ष दो हजार पंद्रह में राजकीय मेला का दर्जा मिला था।

---

रेलवे ने सितम्बर महिने में भारत नेपाल मैत्री यात्रा के तहत नई दिल्ली से जनकपुर के बीच भारत गौरव टुरिस्ट ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन बीस सितम्बर को दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से प्रस्थान करेगी और चौबीस सितम्बर को रक्सौल के बाद पनियावा पहुंचेगी। इसे लेकर भारतीय रेलवे की ओर से सारी औपचारिकता पूरी कर ली गई है। रेलवे द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार भारत और नेपाल दोनों देशों के बीच पर्यटन स्थलों के लिए श्रद्धालुओं के भ्रमण को लेकर भारत नेपाल मैत्री यात्रा के तहत भारत गौरव टुरिस्ट ट्रेन चलाया जा रहा है।

---

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र और पड़ोसी राज्यों में हो रही भारी बारिश के चलते प्रदेश की अधिकांश नदियां उफान पर है। गंगा, कोसी और बागमती नदी विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। गंगा नदी का जलस्तर पटना के गांधी घाट पर लाल निशान को पार कर गया है। वहीं, दीघा घाट, हाथीदह तथा भागलपुर के कहलगांव में नदी का जलस्तर खरतरनाक स्तर के करीब पहुंच गया है। इधर, बक्सर में भी गंगा का पानी तेजी से चेतावनी स्तर की ओर बढ़ रहा है। हमारे संवाददाता शशांक शेखर ने बताया कि प्रशासन ने नदी किनारे रहने वाले लोगो को सजग रहने की हिदायत दी है। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

इधर, पुनपुन नदी पटना के श्रीपालपुर और घाघरा नदी सीवान के दरौली में चेतावनी के स्तर से ऊपर बह रही है। गंडक नदी गोपालगंज के डुमरियाघाट, बागमती नदी मुजफ्फरपुर के बेनीबाद और कमला बलान नदी मधुबनी के जयनगर में उफान पर है। कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में खतरे के निशान से ऊपर दर्ज किया गया है। इधर, सीतामढ़ी में बागमती और अधवारा समूह की नदियों के जलस्तर में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। और ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता––

———बाईट———

सीतामढ़ी जिले समेत नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही बारिश से बागमती और अधवारा समूह के नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी होने लगी है। बागमती नदी जिले के ढेंग और सोनाखान में खतरे के निशान को पार कर गई है। वही परिहार में मरहा हरदी के उफान से निचले इलाकों में जलभराव होने लगा है। इससे लहुरिया गांव में बाढ की स्थिति बनने लगी है। जिला प्रशासन ने नदी तटबंध पर सतत निगरानी करने का निर्देश विभागीय अभियंता को दिया है।

———————————————————

मौसम विभाग ने आज किशनगंज, अररिया, पूर्णियां, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद और जमुई समेत सात जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, शेष स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इस दौरान मेघगर्जन और वज्रपात की भी अलर्ट है। इधर, सुबह से ही पटना सहित राज्य के कई स्थानों पर बादल छाये हुए हैं तथा कई इलाकों में हल्की बूंदांबांदी के भी समाचार हैं। पिछले चौबीस घंटों के दौरान अनुसार पश्चिम चम्पारण जिले के चनपटिया में सबसे अधिक एक सौ अंठानवे दशमलव छह मिलीमीटर बारिश हुई है।

———————————————————

और, अब खबरे पेरिस ओलंपिक से। ओलंपिक में आज कुश्ती फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी विनेश फोगाट देश के लिए ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीद से पचास किलोग्राम फ्रीस्टाइल में भाग लेंगी। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

———————————————————

आज हरियाली तीज है। सावन शुक्ल तृतीय और पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र में महिलाएं पति की लंबी आयु के लिए हरियाली तीज व्रत करती हैं।

———————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब बिहार से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

पड़ोसी देश बांग्लादेश में तख्ता पलट की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए **हिन्दुस्तान** अखबार लिखता है — बांग्लादेश में हिंदुओं और मंदिरों पर हमले। विदेश मंत्री ने राज्यसभा में पड़ोसी देश के हालात पर दी जानकारी।

**प्रभात खबर** ने लिखा है – बांग्लादेश के राष्ट्रपति ने भंग की संसद। शेख हसीना का अमरिकी वीजा रद्द, ब्रिटेन भी नहीं दे रहा पनाह, अभी भारत में रहेंगी।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है – जमीन के बदले नौकरी घोटाले से जुड़ी मनीलॉड्रिंग मामले में ईडी ने लालू और तेजस्वी के विरूद्ध पूरक आरोप पत्र दाखिल किया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य सरकार ने बिहारी उत्पादों को सरकारी खरीद में प्राथमिकता देने के लिए बिहार खरीद अधिमानता नीति दो हजार चौबीस को स्वीकृति दी।

02. बिहार पुलिस में सिपाही के इक्कीस हजार तीन सौ इक्यानवे पदों पर भर्ती के लिए आज से शुरू हो रही है पुनर्परीक्षा। कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए राज्यभर के पांच सौ पैंतालीस केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध।

03. नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र और पड़ोसी राज्यों में हो रही भारी बारिश के चलते प्रदेश में गंगा, कोसी और बागमती समेत कई नदियां उफान पर। पटना के दीघा घाट पर गंगा नदी का जलस्तर लाल निशान के पार।

04. और, विनेश फोगाट आज पेरिस ओलंपिक के कुश्ती स्पर्धा में गोल्ड मेडल के लिए दांव लगायेंगी। अमेरिकी पहलवान से होगा मुकाबला।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।